न्यायालय जिला कलेक्टर, कोटा

पीठासीन अधिकारी– उज्ज्वल राठौड़, I.A.S.

अपील संख्या–18/2021 (सू0 का अधि0)

श्री राजेन्द्र वशिष्ठ पुत्र श्री परमानन्द मकान नं0 1–ए–9 रंगबाडी योजना, कोटा (राज0) –324005

–अपीलार्थीया

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा

–प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत धारा 19 सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांक 23/11/2021

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि श्री राजेन्द्र वशिष्ठ पुत्र श्री परमानन्द, मकान नं0 1–ए–9 रंगबाडी योजना, कोटा ने दिनांक 30.07.2021 को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा के यहॉ एक प्रार्थना पत्र पेश कर निम्न सूचना चाही गयी है –

1. अतिरिक्त जिलाधीश सीलिंग कोटा के आदेश दिनांक 27.11.1982 उनवान परमानन्द अपीलान्ट बनाम बाला पुत्र राधाकिशन व पारां बैवा गोपाल विरूद्व एस.डी.ओ. कोटा का आदेश दिनांक 5.10.1978 को निरस्त करवाने बाबत अतिरिक्त जिलाधीश सीलिंग कोटा का निर्णय दिनांक 27.11.1982 की प्रमाणित प्रति चाहने बाबत् ।

उपरोक्त सूचना समय पर नहीं मिलने के कारण प्रार्थी द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 09.09.2021 को प्रथम अपील प्रस्तुत की गई, जो दिनांक 21.09.2021 को प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर अपील के सम्बन्ध में लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा से प्रकरण के सम्बन्ध में वांछित टिप्पणी एवं रेकार्ड भिजवाने हेतु लिखा गया किन्तु लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा से वांछित टिप्पणी एवं रेकार्ड प्राप्त नहीं हुआ । लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को भिजवाया गया पत्रांक/सूचना/प–144/2021/378 दिनांक 11.8.2021 उपलब्ध कराया गया, जिस अनुसार प्रार्थी को दी जाने वाली सूचना 04 पृष्ठ में उपलब्ध होने से फीस जमा कराने हेतु लिखा गया गया है ।

जिला कलक्टर
कोटा

हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा के पत्र दिनांक 11.8.2021 का अवलोकन किया । जिस अनुसार सूचना तैयार की जा चुकी है किन्तु प्रार्थी द्वारा निर्धारित प्रति पृष्ठ 2/– से कुल पृष्ठ 4 की राशि 8/– जमा नहीं कराई जाने से प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है ।

परिणामतः प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना की निर्धारित फीश जमा करा दी जाने पर वांछित सूचना प्रार्थी अपीलार्थी को दी जावें । अपील अपीलांट इसी स्तर पर निस्तारित की जाती है ।

निर्णय आज दिनांक 23.11.2021 को लिखाया गया ।

उ 23.11.21

(उज्ज्वल राठौड़)
अपील अधिकारी एवं
जिला कलेक्टर, कोटा

जिला कलक्टर
कोटा